अनुस्मारक / महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / कम्प्यू0 / 2024 / 275 **लखनऊःदिनांक– 15.04.2024**

विषयः–आधार प्रमाणीकरण एवं फैमिली आई0डी0 की सूचना / निर्माण के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है वर्तमान में परिषद द्वारा संस्थाओं के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न पालीटेक्निक संस्थाओं में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं के आधार प्रमाणीकण एवं फैमिली आई0डी0 की सूचना / निर्माण का कार्य परिषद की वेबसाइट के द्वारा छात्र / छात्राओं के लॉगिन के माध्यम से ऑनलाइन कराया जा रहा है जिसका मूल्यांकन शासन स्तर पर किया जा रहा है।

संस्थाओं के लॉगिन पर संस्थाओं की सुविधा हेतु आधार प्रमाणीकरण एवं फैमिली आई0डी0 नहीं करने वाले छात्र / छात्राओं का विवरण मोबाइल नंबर के साथ उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से संस्था संबंधित छात्र / छात्रा से संपर्क करके संस्था आधार प्रमाणीकरण एवं फैमिली आई0डी0 का निर्माण करा सकती है।

कतिपय संस्थाओं ने अवगत कराया है कि दर्शायी जा रही सूची में कुछ छात्र ऐसे हैं जो कि उनकी संस्था के नहीं है अथवा संस्था छोड़ चुके हैं जबकि परिषद में उपलब्ध रिकार्ड के सूची में दर्शाए जा रहे छात्र / छात्राएं परिषद में उनका एनरोलमेण्ट संस्था द्वारा किया गया था। अधिकांश छात्र विशेष बैक पेपर के हैं।

उक्त के दृष्टिगत परिषद के पत्र संख्या प्राशिप / कम्प्यू0 / 2024 / 10323 दिनांक 23–3–2024 द्वारा संस्था में इस प्रकार का कोई छात्र / छात्रा है जो कि संस्था में अध्ययनरत् नहीं है उसका नाम विलोपित करना है तो संलग्न प्रारूप में excel format में परिषद के अनुभाग–6 की ई0मेल0 आई0डी0 upbteanu6@gmail.com पर सूचना तत्काल प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

कतिपय संस्थाओं द्वारा उक्त सूचना Excel Format में प्रेषित न कर Pdf में प्रेषित की गयी है, जिससे अग्रेतर कार्यवाही किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। उक्त के दृष्टिगत पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि जिन संस्थाओं को Dropout Students को हटाना है, उसकी सूचना **दिनांक 18–04–2024** तक प्रत्येक दशा में अनुभाग–6 की उपरोक्त ई0मेल0 आई0डी0 upbteanu6@gmail.com पर **excel format में ही** प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित तिथि **दिनांक 18–4–2024** के पश्चात् Dropout Students को नहीं हटाया जाएगा। प्रमुख सचिव महोदय द्वारा प्रतिदिन संस्थावार आधार प्रमाणीकरण एवं फैमिली आई0डी0 की सूचना का अवलोकन किया जा रहा है। कृपया व्यक्तिगत ध्यान देते हुए कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सूच्य है कि सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा, जून–2024 में बिना आधार प्रमाणीकरण कोई भी छात्र / छात्रा परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा।

संलग्नकः– format

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृसं0– प्राशिप / कम्प्यू0 / 2024 / 276–78 **तद्दिनांक– 15.04.2024**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव